मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 199 | रविवार 2 नवंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas | ulhasvikas@gmail.com | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**अदनान सामी का बढ़ा वजन देख फैंस चौंके**

# उम्मीदवारों की खर्च सीमा में 50% की वृद्धि

## ■ राज्य चुनाव आयोग ने लिया फैसला

**मुंबई.** राज्य चुनाव आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की खर्च सीमा में 40 से 50 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। राज्य चुनाव आयोग ने स्थानीय निकाय चुनावों की पृष्ठभूमि में पिछले महीने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई थी।

इस बैठक में, पार्टी प्रतिनिधियों ने उम्मीदवारों की खर्च सीमा बढ़ाने की माँग की थी। तदनुसार, पिछले आठ वर्षों के मुद्रास्फीति सूचकांक को ध्यान में रखते हुए यह वृद्धि की गई है और राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरेश काकानी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

सी-क्लास नगर निगमों जैसे कल्याण-डोंबिवली, नवी मुंबई, छत्रपति संभाजीनगर और वसई-विरार में उम्मीदवार अब 11 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। इसके अलावा, शेष 19 डी-क्लास नगर निगमों के लिए नौ लाख रुपये की सीमा तय की गई है। आयोग के मुताबिक, यह संशोधन 2017 के बाद पहली बार किया गया है।



### 2017 के बाद हुई बढोत्तरी

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने उम्मीदवारों की व्यय सीमा में वृद्धि की मांग की थी। तदनुसार, केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा 2022 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में की गई वृद्धि को देखते हुए, वर्तमान स्थिति में बढ़ती मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए इसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले, यह वृद्धि 2016-17 में की गई थी।

–**सुरेश काकानी,** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग

### नगरपालिका उम्मीदवारों के लिए 9 से 15 लाख रुपये की सीमा

- 'ए' श्रेणी में मुंबई, पुणे, नागपुर नगर निगम के लिए – 15 लाख
- 'बी' श्रेणी में ठाणे, पिंपरी-चिंचवड़, नासिक के लिए – 13 लाख रुपये
- 'सी' श्रेणी में कल्याण-डोंबिवली, नवी मुंबई, वसई-विरार, छत्रपति संभाजीनगर के लिए – 11 लाख रुपये
- 'डी' श्रेणी में शेष 19 महानगर पालिकाओं के लिए – 9 लाख रुपये, महापौर को 15 लाख रुपये और सदस्यों को 5 लाख रुपये
- 'ए' श्रेणी में नगर परिषद के सीधे महापौर के लिए – 15 लाख रुपये और सदस्यों को 5 लाख रुपये 'बी' श्रेणी में नगर परिषद के सीधे महापौर के लिए – 11 लाख 25 हजार रुपये
- 'सी' श्रेणी में नगर परिषद के महापौर को सीधे 7 लाख 50 हजार रुपये,
- नगर पंचायत के महापौर को सीधे 6 लाख रुपये और सदस्यों को 2 लाख 25 हजार रुपये सदस्य
- ज़िला परिषद के उम्मीदवारों के लिए – 6 से 9, और पंचायत समिति के लिए 4.50 लाख से 6 लाख रुपए की सीमा
- 71 से 75 से अधिक सदस्यों वाली जिला परिषद के उम्मीदवारों के लिए 9 लाख रुपये, पंचायत समिति के उम्मीदवारों के लिए 6 लाख रुपये
- 61 से 70 से अधिक सदस्यों वाली जिला परिषद के उम्मीदवारों के लिए 7.50 लाख रुपये, पंचायत समिति के उम्मीदवारों के लिए 5.25 लाख रुपये
- 50 से 60 से अधिक सदस्यों वाली जिला परिषद के उम्मीदवारों के लिए 6 लाख रुपये, पंचायत समिति के उम्मीदवारों के लिए 4.50 लाख रुपये
- ग्राम पंचायत के उम्मीदवारों के लिए 75 हजार से 2.65 लाख रुपये
- 15 से 17 सदस्यों वाली ग्राम पंचायतों के लिए सीधे सरपंच उम्मीदवारों के लिए 2.65 लाख रुपये, सदस्यों के लिए 75 हजार रुपये
- 11 से 13 सदस्यों वाली ग्राम पंचायतों के लिए सीधे सरपंच उम्मीदवारों के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये, सदस्यों के लिए 55 हजार रुपये
- 7 से 9 सदस्यों वाली ग्राम पंचायतों के लिए सीधे सरपंच उम्मीदवारों के लिए 75 हजार रुपये, सदस्यों के लिए 40 हजार रुपये

# भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



**मुंबई।** बुधवार को मुंबई दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत मुंबई विमानतल पर उल्हासनगर भाजपा शिष्टमंडल ने किया।

उल्हासनगर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट उनके साथ भाजपा का शिष्टमंडल भी विशेष रूप से उपस्थित रहा। प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के बाद भाजपाइयों में नया जोश देखने को मिला। आगामी चुनाव से पहले उल्हासनगर शहर का प्रतिनिधित्व करने आए सभी भाजपाइयों से मिलकर प्रधानमंत्री ने खुशी व्यक्त की। वधरिया की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारियों को इस तरह का अवसर प्रधानमंत्री से मिलने का मिला।

# अंबरनाथ मतदाता सूची में कई बोगस नाम

## ■ चुनाव आयोग को 5 लाख इनाम देने की घोषणा

⏭ यूसुफ शेख





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व महालक्ष्मी नगर में मतदाता सूची में 100 बोगस मतदाताओं के नाम एक ही स्थान पर अगर. अगर चुनाव आयोग ने इन मतदाताओं को ढूंढकर बताया तो उसे मैं 5 लाख रुपए इनाम में दूंगा. ऐसा आह्वान समाजसेवक प्रवीण गोसावी ने किया है. उन्होंने इन बोगस मतदाताओं की सूची चौक पर लगा दिया है. प्रवीण ने पत्रकारों को बताया कि महालक्ष्मी नगर प्रभाग क्र. 26 में संतोषी मंदिर के पास 100 बोगस मुस्लिम मतदाताओं के नाम हैं, जबकि यहां मुस्लिम समाज कम संख्या में रहता है. उन्होंने चुनाव आयोग से प्रश्न किया है कि ये 100 बोगस मतदाता कौन हैं जो कि यहां पर दिखते नहीं हैं. उन्होंने चौक पर बोगस मतदाताओं के नाम की लिस्ट जारी करके कहा है कि अगर ये मतदाता यहां पर हैं तो उन्हें बताया जाए, वह उन्हें इनाम देंगे. एक ओर जहां पूरे राज्य में बोगस मतदाताओं को लेकर हंगामा मचा हुआ है, विरोधी पक्ष के नेता सत्या का मोर्चा निकाल रहे हैं, ऐसे में अंबरनाथ पूर्व महालक्ष्मी नगर की मतदाता सूची में एक ही स्थान पर 100 बोगस मतदाताओं के नाम से हलचल मच गई है. गोसावी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि इन बोगस मतदाताओं के बारे में जांच करके सूची से इन नामों को हटाया जाए या फिर इन बोगस मतदातों को ढूंढ़ कर निकाला जाए वह चुनाव आयोग को 5 लाख रुपयों का इनाम देंगे और ये बोगस मतदाताओं के नाम किसने डाले हैं. इसकी भी जांच करने की मांग उन्होंने की है.

# उल्हासनगर में 'रन फॉर यूनिटी'

## ■ शहरभर में पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम
## ■ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन
## ■ कॉलेजों के छात्रों ने लिया भाग



**उल्हासनगर.** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज पूरे भारत में 'रन फॉर यूनिटी' नामक एक भव्य आयोजन किया गया। इसी कड़ी में, उल्हासनगर कैंप-4 के ओटी चौक पर विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन द्वाराथ एक मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन ओटी चौक से शुरू होकर वीनस चौक तक दौड़ी और पुनः वीनस चौक पर ही समाप्त हुई। एसएसटी, सेंट पॉल और सीएचएम कॉलेजों के छात्रों सहित कई युवाओं ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और एकता व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों, स्थानीय नागरिकों और छात्रों की उपस्थिति में देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा। इसी तरह उल्हासनगर पुलिस व हिललाइन पुलिस ने भी मैराथन का आयोजन किया।

# देशी कट्टे के साथ एक गिरफ्तार

## ■ कोलसेवाडी पुलिस में मामला दर्ज
## ■ दो कारतूस भी बरामद
## ■ आरोपी के रिकार्ड की जांच
## ■ अपराधिक प्रवृत्ति का है चौधरी



**कल्याण.** कल्याण पूर्व के कोळसेवाडी थाना क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले का खुलासा हुआ है। 30 अक्टूबर 2025 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भानुशाली नगर, जैन मंदिर के पास, खडेगोळवली गांव में रहने वाला अमित तिलकराम चौधरी (25) अपने कब्जे में देसी बनावटी का देशी कट्टा रखे हुए है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ के बाद उसके बताए पते पर छापा मारते हुए लगभग 16,000 रुपये कीमत का एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने इस संबंध में पंचनामा कर हथियार को जब्त किया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 3 और 25 तथा महाराष्ट्र पोलीस कायदा कलम 37(1) व 135 के तहत कोळशेवाडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# अंबरनाथ की मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी



## ■ 'सत्य का मोर्चा' में जाने से पूर्व मतदाता सूची की होली जलाई

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में भी स्थानीय स्वराज्य संस्था के मतदाता सूची में कई बोगस नाम सामने आए हैं. ऐसा आरोप अंबरनाथ ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप पाटील ने लगाए हैं. शनिवार को मुंबई में 'सत्याचा मोर्चा' में जाने से पूर्व शहर पूर्व में शिवाजी चौक पर मनसे, कांग्रेस, शिवसेना उबाठा, महाविकास आघाड़ी के नेताओं प्रदीप पाटिल, शैलेश शिर्के, धनंजय गुरव, अजित काले आदि ने मतदाता सूची की होली जलाई.

'सत्याचा मोर्चा' में मनसे, कांग्रेस, शिवसेना उबाठा एवं महाविकास आघाड़ी के सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी रवाना हुए. मनसे शहराध्यक्ष शैलेश शिर्के ने कहा कि वोट चोरी के मुद्दे को लेकर मुंबई में मोर्चा निकाला जा रहा है. उसमें वह शामिल होने जा रहे हैं. कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने कहा कि कल रात में अंबरनाथ की मतदाता सूची की घोषणा की गई है, जिसमें भारी गड़बड़ी पाई गई है. इस तरह से वोटों की चोरी की जा रही है. वोट चोरी बंद करो और न्याय के साथ चुनाव लड़ो. तो ही शहर का विकास होगा. लेकिन सत्ताधारियों का ध्यान सिर्फ ठेका और पैसे की तरफ है. उपस्थितों में वोट चोरी को लेकर भारी रोष देखा गया. वोट चोरी नहीं चलेगी, चुनाव आयोग का निषेध के नारे लगाए गए. अंबरनाथ के 29 प्रभागों में भी वोट चोरी का मामला अब सामने आने लगा है, जिसके कारण महाविकास आघाड़ी के नेताओं में रोष देखा जा रहा है.

# दिव्यांगों के लिए शहर में फिजियोथेरेपी केंद्र सेवा शुरू

## ■ दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील

**उल्हासनगर.** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अभ्यासिका में दिव्यांगों के लिए मनपा द्वारा एक फिजियोथेरेपी केंद्र शुरू किया गया है। अपर आयुक्त डॉ. धीरज चव्हाण ने फिजियोथेरेपी केंद्र का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभाग को दिव्यांगों को अधिक लाभ पहुँचाने हेतु एक जोरदार अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उल्हासनगर मनपा दिव्यांगों के लिए विभिन्न पहलों को क्रियान्वित कर रहा है।

इस बीच, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अभ्यासिका में एक फिजियोथेरेपी केंद्र स्थापित किया गया है। अब तक 288 दिव्यांगजन फिजियोथेरेपी से लाभान्वित हो चुके हैं।

केंद्र में विभिन्न प्रकार की चिकित्सा जैसे भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, वाणी और भाषा चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक परामर्श, योग चिकित्सा, दैनिक जीवन की गतिविधियाँ, नर्सिंग देखभाल, अभिभावक प्रशिक्षण और परामर्श प्रदान किया जा रहा है। यह चिकित्सा केंद्र सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। दिव्यांगजनों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए, ऐसी अपील अतिरिक्त आयुक्त धीरज चव्हाण ने की।

# मलशुद्धीकरण केंद्र का 70% कार्य पूर्ण

**उल्हासनगर:** मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले ने शांतिनगर, कैंप क्रमांक 3 स्थित मलशुद्धीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक घुले ने बताया कि मलशुद्धीकरण केंद्र का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उल्हासनगर में 450 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत सीवरेज योजना का कार्य चल रहा है। इस योजना का 54 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक घुले ने बताया कि शांतिनगर में इसी योजना के अंतर्गत मलशुद्धीकरण केंद्र का कार्य चल रहा है। मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले ने जल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ केंद्र का निरीक्षण किया।

# दिलीप मिश्रा के शहर प्रमुख नियुक्त होने की संभावना



**उल्हासनगर.** शिवसेना (उबाठा) के उल्हासनगर शहर प्रमुख कुलबिंदर बैंस के हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद शहर प्रमुख का पद रिक्त हो गया है। इस पृष्ठभूमि में, उप शहर प्रमुख दिलीप मिश्रा को शहर प्रमुख नियुक्त किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

दिलीप मिश्रा पिछले पाँच वर्षों से शिवसेना उबाठा के उप शहर प्रमुख के रूप में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने पार्टी के प्रति निष्ठा से काम किया है और जनता के मन में अपनी एक अच्छी छवि बनाई है। सिंधी, गुजराती, मराठी और उत्तर भारतीय समुदायों में उनका अच्छा प्रभाव है और वे समाज के सभी वर्गों में लोकप्रिय हैं।

साथ ही, मिश्रा पिछले पच्चीस वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हैं और सामाजिक जागरूकता बनाए रखते हुए कई लोगों की मदद की है। पिछली बार, वफादार शिवसैनिकों को दरकिनार करते हुए कुलबिंदर बैंस को शहर प्रमुख का पद दिया गया था। हालाँकि, इस बार पार्टी निष्ठा और कार्यकुशलता को प्राथमिकता देते हुए, दिलीप मिश्रा के नाम पर चर्चा हो रही है।

# वरप में डकैती

**कल्याण.** कल्याण तालुका के वरप इलाके में दिनदहाड़े हुई डकैती से अपराधियों ने पुलिस को सीधी चुनौती दी है। दिवाली की छुट्टियों का फायदा उठाकर चोर दोपहर 1 से 2 बजे के बीच दुर्गानगर स्थित डॉ. अक्षय पैलेस बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर श्रीकांत कांबले के घर में घुस गए। चोरों ने दरवाजा तोड़ा और अलमारी से सोने के गहने लेकर फरार हो गए।

इधर नहीं रुके, उन्होंने बगल में रहने वाले चौधरी के घर पर भी हाथ साफ कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि यह पूरी घटना बिल्डिंग परिसर में खेल रहे बच्चों के सामने हुई। बच्चों के अनुसार, ये तीन चोर थे। एक के पास एक बैग था, उसने अपना चेहरा ढका हुआ था और टोपी पहनी हुई थी। चोरों ने इस बात का पूरा फायदा उठाया कि बिल्डिंग में कोई सीसीटीवी, गेट या चौकीदार नहीं था। इस घटना से वरप, म्हारल और कांबा इलाकों में दहशत का माहौल है।







जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## गंदगी में डूबे रहेंगे शहर

यह नागरिक चेतना के अभाव का ही उदाहरण है कि देश के कई राज्यों में सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता की नियमावली बनानी पड़ती है। थूकने और गंदगी फैलाने पर नगर निकायों को जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। किसी भी समाज में यह एक अलिखित शिष्टाचार है कि नागरिक सामाजिक दायित्व का पालन करें। मगर यह निराशाजनक ही है कि अधिकतर लोग स्वच्छता के प्रति लापरवाह दिखाई देते हैं। लिहाजा, उन्हें सचेत करने के लिए जुर्माना लगाना पड़ता है। यह स्थिति तब है जबकि पिछले कई वर्षों से देश में लगातार स्वच्छता अभियान चलाए जाते रहे हैं।

इस बार संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नगर निगम ने अपने सीमा क्षेत्र में गंदगी फैलाने, कूड़ा फेंकने और पान-गुटका खाकर थूकने पर जुर्माना लगाने की घोषणा की है। सवाल है कि बार-बार इस तरह के कदम उठाने की जरूरत क्यों पड़ती है। क्या देश और समाज के प्रति नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं है?

लोगों में सामुदायिक भावना का अभाव किसी भी समाज की एक निराशाजनक तस्वीर है। यही कारण है कि अक्सर लोग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलाते भी दिख जाते हैं। ऐसे लोग व्यक्तिगत सुविधा की तो चिंता करते हैं, लेकिन सामाजिक दायित्व भूल जाते हैं।

हालांकि साफ-सफाई के लिए जुर्माना वसूलने से पहले नगर निकायों को भी यह देखना चाहिए कि उन्होंने नागरिकों को कितनी और कैसी सुविधाएं दी हैं? अधिकतर बस्तियों और मोहल्लों में कूड़ा उठाने वाले वाहन समय पर नहीं आते। जरूरी जगहों पर जन सुविधा परिसरों का अभाव होता है या उनमें स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जाता। लंबी दूरी की सड़कों के किनारे कई पेट्रोल पंपों पर बने शौचालय या तो साफ नहीं होते या फिर उसका उपयोग आम लोगों को नहीं करने दिया जाता।

इससे जरूरतमंद पुरुषों और महिलाओं को खासी दिक्कत होती है। अगर देश में स्वच्छता को लेकर चेतना की कमी है, तो इसके लिए समाज और शासन दोनों जिम्मेदार हैं। हम आज तक ऐसा समाज नहीं तैयार कर पाए, जिसमें हर नागरिक में उत्तरदायित्व का बोध हो और वह अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाता दिखे।

# अमेरिका, चीन और भारत... रिश्तों की दूरगामी दशा-दिशा पर भी असर

डोनाल्ड ट्रंप के एशिया दौरे को लेकर बहुत उत्सुकता थी। इस दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ उनकी मुलाकात पर भी नजरें टिकी हुई थीं। यह बहुत स्वाभाविक भी था। ट्रंप का एशिया दौरा एक ऐसे समय में हुआ जब उनकी विदेश नीति और दृष्टिकोण को लेकर कहा जा रहा था कि उसमें अंतर्मुखी भाव बढ़ रहा है। इसी तरह तमाम किंतु-परंतु के बीच चिनफिंग के साथ उनकी मुलाकात ने ट्रेड वार को लेकर छिड़ रहे बादलों को कुछ छांटने का काम किया। इतना ही नहीं, अमेरिका की ओर से इस बैठक को 'जी-2' के रूप में प्रचारित करना भी बहुत कुछ कहता है।

मौजूदा वैश्विक ढांचे में दो सबसे शक्तिशाली देशों अमेरिका और चीन को मिलाकर गढ़े गए जी-2 समूह का उपयोग वैसे तो अनौपचारिक रूप से होता रहा है, लेकिन व्हाइट हाउस की ओर से इसका आधिकारिक प्रयोग इसे औपचारिक मान्यता प्रदान करता प्रतीत हो रहा है। हालांकि दक्षिण कोरिया में हुई ट्रंप-चिनफिंग मुलाकात के अभी कोई विशेष निहितार्थ तो नहीं निकाले जा सकते, लेकिन खासतौर से ट्रंप का रवैया इसे लेकर बहुत उत्साहित दिख रहा है।

वर्ष 2019 के बाद चिनफिंग से पहली बार मिलने के बाद ट्रंप ने न केवल चीन पर लगाए टैरिफ में कुछ कटौती की, बल्कि अपने चीन जाने का एलान भी किया। अमेरिकी खेमा यह दावा भी कर रहा है कि दोनों नेताओं की बातचीत के बाद चीन ने रेयर अर्थ तत्वों के उपयोग से जुड़ी अपनी सख्त नीति में कुछ नरमी के



संकेत दिए हैं, लेकिन चीन की ओर से कुछ ठोस नहीं कहा गया है। इससे पहले आसियान सम्मेलन के लिए ट्रंप का मलेशिया दौरा चर्चा में रहा। इससे ये धारणाएं ध्वस्त हुईं कि अमेरिका एशिया में अपनी सक्रियता सीमित करना चाहता है।

आसियान के लिए भी ट्रंप की मेजबानी महत्वपूर्ण हो गई थी, क्योंकि इस साल ईस्ट तिमोर के जुड़ाव के साथ उसके सदस्य देशों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। टैरिफ संबंधी तमाम अनिश्चितताओं के दौर में निर्यात केंद्रित आसियान अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपने सबसे बड़े खरीदार अमेरिका के साथ हिसाब-किताब दुरुस्त रखना भी आवश्यक हो गया था। अपने दौरे के साथ ट्रंप ने दोहराया कि आसियान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के लिए एक अहम धुरी बना रहेगा।

बदली हुई परिस्थितियों में आसियान देशों के लिए भी यह जरूरी हो चला था कि वे अमेरिका को साधे रखने में सफल हों। इस मंशा को समझने के लिए हमें आसियान के मूल उद्देश्य को समझना होगा। वर्ष 1967 में एक तरह से अमेरिकी नेतृत्व में इसके गठन की मंशा साम्यवाद को चुनौती देना था। समय के साथ आसियान देश आर्थिक रूप से मजबूत होते गए। इस दौरान चीन के साथ उनका आर्थिक जुड़ाव बढ़ता गया। हालांकि सामरिक मोर्चे पर अमेरिका के साथ उसकी सक्रियता कायम रही। वैसे तो आसियान देशों की मूल रूप से यही रणनीति रही है कि वे आर्थिक गतिविधियों और समन्वय पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे और किसी देश के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे, लेकिन अमेरिका और चीन के बीच बढ़ रही खेमेबाजी ने आसियान के समक्ष दुविधा बढ़ाई है।

इस दुविधा का कारण यह है कि संगठन में कुछ देशों का झुकाव अगर अमेरिका की तरफ है तो कुछ चीन की ओर झुकाव रखते हैं। दक्षिण चीन सागर, म्यांमार के घटनाक्रम और हाल में कंबोडिया-थाइलैंड युद्ध जैसे मुद्दे भी समय-समय पर इन देशों को आमने-सामने करते आए हैं। ऐसे में ट्रंप का दौरा उनके बीच कुछ सहमति बनाने का माध्यम भी बना। इस दौरान ट्रंप ने थाइलैंड और कंबोडिया के बीच औपचारिक युद्ध विराम समझौता कराया। उन्होंने अमेरिका के लिए आसियान की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा भी कि वह एशिया में अमेरिकी रणनीति का केंद्र बना रहेगा।

आसियान सम्मेलन के बाद ट्रंप जापान पहुंचे और अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी इस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान रेयर अर्थ तत्वों के मामले में चीनी वर्चस्व को चुनौती देने के लिए उन्होंने जापान के साथ सहयोग बढ़ाने की बात भी कही। यह किसी से छिपा नहीं है कि रेयर अर्थ तत्वों के मोर्चे पर चीन किस तरह अपना वर्चस्व स्थापित कर चुका है। खासतौर से वह रेयर अर्थ प्रसंस्करण का एक पर्याय बन चुका है।





**ध्यानाभ्यास के द्वारा स्वयं को बदलने से, हम अपने परिवारों, समुदायों, समाजों, और अंततः पूरे विश्व को बदल सकते हैं।**

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान – सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम – शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# भारत-अमेरिका रिश्तों के खुले नए रास्ते

पिछले कुछ समय से भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह के उतार-चढ़ाव लगातार कायम हैं, उसमें फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है। मगर यह जरूर कहा जा सकता है कि अब फिर से संबंधों को सहज बनाने के अवसर निकाले जा रहे हैं, माहौल को सकारात्मक बनाया जा रहा है।

मसलन, दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सीईओ शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका व्यापार समझौता कर रहा है। दूसरी ओर, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से गुरुवार को कहा गया कि अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दी है। गौरतलब है कि सितंबर के आखिर से अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वालों पर प्रतिबंध लागू कर दिया था।

दरअसल, भारत ने पिछले वर्ष मई में चाबहार बंदरगाह के संचालन के लिए अगले दस वर्षों तक के लिए एक अनुबंध किया था। इससे भारत को मध्य एशिया के देशों के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। यह इस लिहाज से अहम है कि विदेश की धरती पर भारत को पहली बार किसी बंदरगाह



के प्रबंधन की जिम्मेदारी मिली थी।

चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के लिए काफी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इस मार्ग से भारत के लिए यूरोप तक पहुंचना आसान हो जाएगा। साथ ही इससे ईरान तथा रूस को भी लाभ मिल सकता है। मगर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने जब दूसरे देशों को अपनी नीतियों के मुताबिक संचालित करने के मकसद से शुल्क लगाने की घोषणा की, तब उसके लिए कुछ अन्य कदम भी उठाए, जिसमें रूस से तेल खरीदने के मसले पर भारत पर जुर्माना लगाने से लेकर चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वालों पर पाबंदी लगाना भी शामिल था।

जाहिर है, यह नीति वास्तव में एक स्थिति से निपटने के लिए दूसरी नई समस्याओं को गढ़ना था, जिसका कोई औचित्य नहीं था। यह बेवजह नहीं है कि ट्रंप को अपनी ही घोषित नीतियों पर नरम पड़ने या उसमें बदलाव करने की जरूरत महसूस होती रही है। पिछले कुछ महीनों के दौरान अलग-अलग मुद्दों पर अपनी घोषणाओं के मसले पर उनके रुख में कई बार बदलाव देखा गया।

यों भारत ने अपनी तरफ से किसी ऐसी नीति पर चलने का फैसला नहीं किया है, जिससे ऐसा लगे कि वह अमेरिका के हाल के फैसलों के खिलाफ कोई कदम उठा रहा है। मगर अमेरिका ने जब से अपने यहां आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने की नीति लागू की और उसका दायरा बढ़ाता गया, उसमें यह साफ दिखा कि उसके मुख्य निशाने पर भारत है। अमेरिका की शुल्क नीति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक तरह से अघोषित व्यापार युद्ध की स्थिति पैदा करने की कोशिश के तौर पर देखा गया। यह स्वाभाविक ही है कि इससे प्रभावित होने वाला कोई भी देश अपनी स्थिति को संतुलित रखने के लिए वैकल्पिक उपायों की खोज करता। भारत के सामने भी यही स्थिति है और इसी क्रम में इसने रूस के साथ तेल सौदे से लेकर कूटनीतिक कोशिशों सहित अन्य कई पहलकदमी की। अब अगर अमेरिका संबंध सहज करने के मकसद से फिर नए रास्ते तैयार करने की कोशिश में है, तो इसे सकारात्मक माना जा सकता है। यों भी, दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाना वक्त की जरूरत है, जिसका प्रभाव दूरगामी होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस दिशा में अमेरिका अब कोई ठोस कदम उठाएगा।

# सैंकड़ों घंटे उड़ता रहता है ये प्लेन, नहीं करता लैंड


अमेरिका अपने राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए कई तरह के काम करता है. उनकी सिक्युरिटी काफी टाइट होती है. इतना ही नहीं, ऐसी स्थितियां जो

### जरा हट के

अभी हुई नहीं है लेकिन भविष्य में हो सकती है, उसे लेकर भी अमेरिका तैयारी किये हुए हैं. समय-समय पर दुनिया में न्यूक्लियर वॉर की चर्चा छिड़ जाती है. ऐसी स्थिति में अमेरिकी राष्ट्रपति को बचाने के लिए बनाया गया है डूम्सडे.

ये प्लेन कोल्ड वॉर से डिजाइन किया गया है. आज भी ये 24/7 अलर्ट पर है. इसे उड़ाने में खर्च 1.6 लाख डॉलर प्रति घंटा आता है. आइये जानते हैं कि आखिर क्यों अरबों खर्च कर उड़ाई जाती है यह 'फ्लाइंग पेंटागन'.

Boeing 747-200B पर बेस्ड E-4B को 'फ्लाइंग पेंटागन' कहा जाता है. यह कोई साधारण जेट नहीं है. इसके अंदर तीन डेक हैं: कमांड रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, ब्रीफिंग एरिया, वर्कस्पेस,




कम्युनिकेशन सेंटर और 18 बंक जहां क्रू रेस्ट कर सकता है.इसमें 112 सदस्यों का क्रू है, जिसमें पायलट्स, इंजीनियर्स, एनालिस्ट्स शामिल हैं. ये हफ्तों तक हवा में रह सकता है. मिड-एयर रिफ्यूलिंग से यह 35 घंटे से ज्यादा उड़ चुकी है और डिजाइन के मुताबिक पूरे हफ्ते बिना लैंडिंग के चल सकती है. EMP (इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पल्स) से बचाव के लिए एनालॉग इंस्ट्रूमेंट्स, न्यूक्लियर ब्लास्ट शील्डिंग और थर्मल प्रोटेक्शन का इस्तेमाल किया गया है. 67 सैटेलाइट एंटीना से ये दुनिया के किसी भी कोने से कनेक्ट हो सकती है. मिसाइल लॉन्च भी कर सकती है.

कोल्ड वॉर के दौरान 'लुकिंग ग्लास' प्रोग्राम के तहत सोवियत न्यूक्लियर स्ट्राइक के जवाब में रिटेलिएशन सुनिश्चित करने के लिए कम से कम एक E-4B हमेशा हवा में थी. सोवियत यूनियन के गिरने के बाद 24/7 फ्लाइट बंद हुई, लेकिन ग्राउंड अलर्ट पर रहती है. इंजन रनिंग और मिनटों में टेकऑफ रेडी. आज चार E-4B में से एक हमेशा अलर्ट पर है. रूटीन टेस्ट, मेंटेनेंस चेक या इमरजेंसी में उड़ान के लिए तैयार. राष्ट्रपति विदेश जाएं तो 'एयर फोर्स वन व्हेन इट काउंट्स' बन जाती है. 9/11 अटैक्स के दौरान तीन E-4B उड़ान भर चुकी है, जिसमें राष्ट्रपति को एस्कॉर्ट किया गया था

# शुगर फ्री सूजी की पिन्नी

खाना-खजाना

लेकिन कुछ लोग शुगर वाली चीजों को खाने से बचते हैं। ऐसे में आप घर पर शुगर फ्री मिठाई तैयार कर सकते हैं। यहां देखिए घर पर शुगर फ्री सूजी की पिन्नी बनाने का तरीका।

**सामग्री :**

- एक चम्मच बादाम
- एक चम्मच काजू
- आधा कप छुआरा
- आधा कप सूखा नारियल, कटा हुआ
- एक कप घी
- 1/4 कप बेसन
- 1 1/2 कप सूजी
- 3 बड़े चम्मच गोंद
- 2 बड़े चम्मच किशमिश
- 2 बड़े चम्मच तिल
- 2 बड़े चम्मच खसखस
- आधा छोटा चम्मच अदरक पाउडर
- आधा छोटा चम्मच इलायची पाउडर
- दो कप खोया

**विधि :**

सबसे पहले एक भारी तले वाले पैन में 2 बड़े चम्मच घी गर्म करें और



फिर इसमें बादाम, काजू और छुहारा भून लें। फिर सूखा नारियल भी अच्छी तरह से भून लें। फिर पूरी तरह ठंडा करें और मिक्सर जार में दरदरा पीस लें। अब दोबारा थोड़ा घी गरम करें बेसन को सुनहरा भूरा होने तक भून लें। इसके साथ सूजी को भी भून लें। ध्यान रखें इसे धीमी आंच पर भूनते रहें जब तक आटा खुशबूदार और सुनहरा भूरा न हो जाए। इसके बाद घी में गोंद डालें और गोंद फूलने तक भूनिये। इसके अलावा किशमिश भी डालकर अच्छे से भून लें। अब खोया को भी सुनहरा होने तक भून लें। अब सभी चीजों को एक साथ मिलाएं। इसमें तिल, खसखस, अदरक पाउडर, इलायची पाउडर और तैयार ड्राई फ्रूट पाउडर भी डाल दें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाएं। अब थोड़ा-थोड़ा मिक्स लें और फिर पिन्नी तैयार करें।

# मिर्गी : इलाज आसान, पर समाज में जागरूकता का अभाव

### राष्ट्रीय मिर्गी जागरूकता माह

मिर्गी... एक ऐसी बीमारी, जो पूरी तरह से इलाजयोग्य है, लेकिन आज भी अंधविश्वास और जानकारी की कमी के कारण लाखों लोग इससे जूझ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां लोग मिर्गी को देवी-प्रकोप या भूत-प्रेत का असर मानकर झाड़-फूंक में वक्त और पैसा दोनों गंवा देते हैं। राष्ट्रीय मिर्गी जागरूकता माह के अवसर पर यह जरूरी है कि समाज में इस बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ा जाए और लोगों को यह बताया जाए कि मिर्गी का इलाज न केवल संभव है, बल्कि सुलभ भी है।

### अंधविश्वास ने छीनी जिंदगियां :

घाटशिला निवासी रमन महतो (40) का शरीर अक्सर अकड़



जाता था। परिवार ने इसे देवी-प्रकोप समझा और महीनों तक ओझा-गुनी के पास झाड़-फूंक कराते रहे। हालत बिगड़ने पर जब डॉक्टर से जांच कराई गई, तब पता चला कि वे मिर्गी से पीड़ित हैं। इसी तरह पटमदा निवासी रोहन सिंह को बार-बार दौरे पड़ते थे। झोला-छाप डॉक्टरों के इलाज से कोई सुधार नहीं हुआ। बाद में जब उन्हें न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाया गया, तो मिर्गी की पुष्टि हुई।

### दो करोड़ से अधिक लोग हैं मिर्गी से पीड़ित :

ऐसे उदाहरण ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में लगभग दो करोड़ से अधिक लोग मिर्गी से पीड़ित हैं, जिनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। कोल्हान प्रमंडल में लगभग 30 हजार मिर्गी मरीज हैं, लेकिन केवल 30 प्रतिशत ही चिकित्सकीय इलाज करा रहे हैं। बाकी अब भी अंधविश्वास और शर्म के कारण सही उपचार से दूर हैं।

### एमजीएम में संसाधनों की कमी, पर उम्मीद कायम :

महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज अस्पताल, जमशेदपुर में लंबे समय बाद डा. रोहित आनंद के रूप में एक न्यूरो फिजिशियन की नियुक्ति हुई है। यह क्षेत्र के न्यूरोलाजिकल मरीजों के लिए बड़ी राहत है। हालांकि, अस्पताल में अब भी ईईजी और एमआरआई जैसी जरूरी जांच सुविधाएं नहीं हैं।

### सुविधा के अभाव में होती है परेशानी :

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ये सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जाएं और एंटी-सीजर दवाएं नियमित रूप से अस्पताल में मिलें, तो गरीब मरीजों को निजी लैब या फार्मेसी का खर्च नहीं उठाना पड़ेगा।

### मिर्गी को समझें, अंधविश्वास नहीं :

मिर्गी कोई छूत की बीमारी नहीं है, बल्कि यह मस्तिष्क की असामान्य विद्युत गतिविधि के कारण होती है। दौरे के दौरान व्यक्ति गिर सकता है, शरीर में झटके आते हैं, मुंह से झाग निकल सकता है या जीभ कट सकती है।

### जांच और इलाज के अहम कदम :

डॉक्टर मरीज की पूरी कहानी सुनने के बाद ईईजी, एमआरआई और रक्त जांच जैसे टेस्ट कराते हैं। इलाज में एंटी-सीजर दवाओं, नियमित नींद, तनाव नियंत्रण और संतुलित दिनचर्या की अहम भूमिका होती है। गंभीर मामलों में सर्जरी या वेगल नर्व स्टिमुलेशन की आवश्यकता पड़ती है।

**सामान्य लक्षण...**

- शरीर में झटके या अकड़न
- अचानक होश खो देना
- आंखें ऊपर चढ़ जाना
- मुंह से झाग आना
- दौरे के बाद भ्रम या गहरी नींद जैसी स्थिति

**संभावित कारण:**

- सिर की चोट, स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर या संक्रमण
- ब्लड शुगर, सोडियम या कैल्शियम की कमी
- शराब छोड़ना या नशा बंद करना
- बच्चों में तेज बुखार

## आज का राशिफल

**मेष** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार–व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**वृषभ** : विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं। लेन–देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि की आशंका है। व्यापार–व्यवसाय में धीमापन रह सकता है। आय में निश्चितता रहेगी।

**मिथुन** : मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। किसी दूसरे के काम में हस्तक्षेप न करें।

**कर्क** : आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले–बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा।

**सिंह** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कन्या** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार–व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला** : यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** : कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। किसी योजना का तत्काल लाभ नहीं होगा। धन के निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**धनु** : अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है। लेन–देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार की गति धीमी रहेगी।

**कुंभ** : कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर–बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। धनहानि भी आशंका है।

**मीन** : भूमि–भवन व मकान–दुकान इत्यादि की खरीद–फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर–बाहर प्रसन्नता रहेगी। उत्साह बना रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# अदरक : सर्दियों में शरीर को रखे अंदर से गर्म

### रसोई का कहलाए राजा
### जानें जबरदस्त फायदे

हमारी रसोई ही असल में एक छोटी दवाखाना है, बस जरूरी है कि हमें आयुर्वेद का थोड़ा ज्ञान हो. इसके आसपास ही हमें कई जड़ी-बूटियां मिल जाती हैं, जो हमारी सेहत के लिए बेहद लाभकारी हैं. इसी में से एक है अदरक, जिसे आयुर्वेद में शुण्ठी कहा जाता है. अदरक सिर्फ स्वाद बढ़ाने वाला मसाला नहीं है, बल्कि पेट, जोड़ों, सर्दी, खांसी और यहां तक कि वजन घटाने में भी रामबाण औषधि है.



अदरक का स्वाद तीखा (कटु), गुण भारी और चिकना (गुरु-स्निग्ध), वीर्य गर्म और विपाक पाचन के बाद मधुर माना जाता है. यह वात-कफ नाशक है, लेकिन पित्त थोड़ा बढ़ा सकता है.

अदरक के फायदे गिनाना मुश्किल है. यह पाचन शक्ति बढ़ाता है, अपच और गैस की समस्या दूर करता है, भूख बढ़ाता है और शरीर को ऊर्जा देता है. सर्दी-खांसी में अदरक का जिंजरोल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और बलगम निकालने में मदद करता है. जोड़ों के दर्द और सूजन में भी अदरक बहुत उपयोगी है. मतली और उल्टी में भी अदरक बेहद कारगर है. यह हृदय को स्वस्थ रखता है, रक्त संचार सुधारता है और कोलेस्ट्रॉल संतुलित करता है. अदरक मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे फैट बर्निंग प्रक्रिया बेहतर होती है.

इसका इस्तेमाल करना भी आसान है. भोजन से पहले ताजा अदरक को नींबू और सेंधा नमक के साथ चबाएं, सूखे अदरक (सोंठ) का चूर्ण दिन में दो बार गर्म पानी के साथ लें. सर्दी-खांसी में अदरक और शहद मिलाकर सेवन करें या अदरक की चाय में तुलसी, दालचीनी और लौंग डालकर पीएं. जोड़ों के दर्द में अदरक का पाउडर हल्दी और सरसों के तेल के साथ हल्का गर्म करके मालिश करें. वजन घटाने के लिए गुनगुने पानी में नींबू और अदरक का रस सुबह खाली पेट पिएं. कफ और सिरदर्द में सूखे अदरक का लेप माथे पर करें, गले की खराश में अदरक और शहद का मिश्रण लें.

हालांकि, अदरक गर्म तासीर का होता है, इसलिए गर्मी या पित्त प्रधान लोग इसे सीमित मात्रा में लें. पेट में अल्सर, उच्च पित्त या गर्भावस्था में अधिक सेवन से बचें.

# हेयर फॉल रोकने के लिए घर पर बनाएं आंवले का स्पेशल तेल



### बाल बनेंगे लंबे और घने

बढ़ते प्रदूषण, गलत खान-पान और तनाव के इस दौर में बालों का झड़ना एक आम समस्या बन गई है। ऐसे में प्राकृतिक उपचार सबसे सुरक्षित विकल्प हैं। इन प्राकृतिक उपायों में आंवले का नाम सबसे आगे आता है। आंवला विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है जो बालों को मजबूती देकर झड़ने से रोकता है. हालांकि, बाजार से आंवला तेल खरीदने के बजाय आप घर पर भी आंवले का तेल बना सकते हैं, जो केमिकल फ्री होगा और बालों को भी फायदा पहुंचाएगा। आइए जानें घर पर कैसे बनाएं आंवले का तेल और इस्तेमाल करने का तरीका।

**सामग्री-**

- 100 ग्राम सूखे आंवले (बीज निकले हुए)
- 500 मिली लीटर शुद्ध नारियल तेल
- 1 मध्यम आकार का स्टील या कांच का बरतन
- छलनी या महीन कपड़ा

**विधि-**

सबसे पहले सूखे आंवलों को अच्छी तरह साफ कर लें। अगर आपके पास ताजे आंवले हैं, तो उन्हें धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और कुछ दिनों के लिए धूप में सूखा लें। सूखे आंवले तेल में अपने गुणों को आसानी से छोड़ते हैं। कढ़ाई या भगोने में नारियल तेल गर्म करना शुरू करें। तेल को मध्यम आंच पर गर्म करें। जब तेल हल्का गर्म हो जाए, तो उसमें सूखे आंवले के टुकड़े डाल दें। ध्यान रखें, तेल बहुत ज्यादा गर्म न हो, नहीं तो आंवले के पोषक तत्व नष्ट हो सकते हैं। तेल और आंवले के मिश्रण को लगभग 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें। आप देखेंगे कि आंवले का रंग तेल में आने लगेगा और आंवले काले पड़ जाएंगे। इसके बाद गैस बंद कर दें और मिश्रण को ठंडा होने दें। जब तेल पूरी तरह से ठंडा हो जाए, तो एक साफ छलनी या महीन मलमल के कपड़े की मदद से तेल को किसी साफ शीशी या जार में छान लें। छनने के बाद बचे हुए आंवले के टुकड़ों को अच्छी तरह निचोड़ कर भी तेल निकाल सकते हैं।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### चुनाव में खपाने के लिए जा रही थी 75 लाख की अंग्रेजी शराब, लखनऊ में एसटीएफ ने पकड़ा

बिहार चुनाव में खपाने के लिए जा रही 75 लाख की शराब के साथ एसटीएफ ने एक तस्कर को शनिवार को दबोच लिया। तस्कर कंटेनर में 575 शराब की पेटियां लादकर बिहार जा रहा था। एसटीएफ ने तस्कर को किसानपथ से गिरफ्तार किया है। तस्कर कंटेनर में खाद की बोरियों के नीचे शराब छुपाकर ले जा रहा था। डिप्टी एसपी विमल कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार तस्कर हरियाणा के झज्जर जनपद के बेरी चिमनी गांव का रहने वाला विश्ववेंद्र है। आरोपी के पास से एक कंटेनर, 575 पेटी शराब और एक मोबाइल बरामद किया गया है। तस्कर विश्ववेंद्र को किसानपथ से कल्ली पश्चिम ओमेक्स कट के पास से गिरफ्तार किया गया है। डिप्टी एसपी के मुताबिक तस्करी की सूचना पर इंस्पेक्टर महावीर सिंह और दीपक सिंह को लगाया गया था।

### डेढ़ लाख से ज्यादा बनाए फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत अधिकारी समेत पांच गिरफ्तार

**लखनऊ.** यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। हरदोई का ग्राम पंचायत अधिकारी सालों से फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने का गिरोह चला रहा था। एसटीएफ ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत अधिकारी को दुबग्गा और उसके चार साथियों को गोण्डा से गिरफ्तार कर लिया। चार आरोपी एक ही परिवार के हैं। इनमें दो भाई, उनका पिता और परिवार का एक अन्य सदस्य है। गिरोह अब तक 1.40 लाख जन्म और 25 हजार से अधिक मृत्यु प्रमाणपत्र बना चुका था। यह प्रमाणपत्र हूबहू सरकारी जैसे ही दिखते थे। इनका प्रयोग जमीनों के बैनामे, वसीयत और धोखाधड़ी में किया जा रहा था। चार मोबाइल फोन, 14 आयुष्मान कार्ड, सात एटीएम कार्ड, 25 जन्म प्रमाणपत्र, पांच मृत्यु प्रमाणपत्र, 27,690 रुपये, ड्राइविंग लाइसेंस, हार्ड डिस्क व एक कार बरामद की गई है।

### एक हफ्ते में तीन नाबालिग बच्चियों से रेप करने वाला गिरफ्तार, लालच देकर ले जाता था साथ

यूपी के मेरठ में एक 19 साल के युवक ने तीन नाबालिग लड़कियों का रेप किया। युवक ने तीन लड़कियों से एक ही हफ्ते के अंदर रेप किया। इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए सहारनपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एक 19 वर्षीय युवक को एक हफ़्ते में 8-10 साल की तीन नाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। स्कूल छोड़ चुका आरोपी, लड़कियों को खाने के सामान का लालच देकर अपनी मोटरसाइकिल पर ले जाता था और उनके साथ बलात्कार करता था। सहारनपुर के एसपी (ग्रामीण) सागर जैन ने इस बारे में बताया कि तीनों बलात्कार पीड़िताओं के परिवारों ने 25 और 29 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई थी.

# आंध्र प्रदेश के वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, 10 की मौत

- एकादशी पर ज्यादा भीड़ से रेलिंग टूटी
- महिलाएं और बच्चे चिल्लाते रहे, लोग रौंदते गए

**श्रीकाकुलम.** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को एकादशी के दौरान भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार भारी भीड़ के दौरान धक्का-मुक्की की वजह से रेलिंग टूट गई। इससे भगदड़ मच गई। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

### भगदड़ के बाद कई महिलाएं बेहोश हो गईं

भगदड़ के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें मंदिर की सीढ़ियों



पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। इनमें महिलाएं, बच्चें और कई बुजुर्ग भी थे। इसी दौरान रेलिंग गिर गई और लोग भीड़ से दबने लगे। महिलाएं और बच्चे बाहर निकलने के लिए चीखते-चिल्लाते दिखे। कई तो अपनी जान बचाने के लिए लोगों के ऊपर चढ़कर निकलते दिखे।

वहीं, हादसे ही बाद के वीडियो में लोग भीड़ में दबी महिलाओं और बच्चों को बाहर निकालते दिखे। महिलाएं भगदड़ वाली जगह पर इधर-उधर बेसुध पड़ी दिखाई दीं। लोगों ने भीड़ में से महिलाओं को उनके हाथ-पैर पकड़कर खींचते दिखाई दिए।

आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री अनीता ने बताया कि मंदिर में हर हफ्ते करीब 1500 से 2000 श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। आज एकादशी होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक थी। उन्होंने बताया कि मंदिर पहली मंजिल पर स्थित है और यहां जाने के लिए 20 सीढ़ियां हैं। इसी दौरान धक्का-मुक्की हुई और रेलिंग टूट गई, जिससे भगदड़ मच गई।

# मोदी सरकार जबरन हिंदी थोप रही -CM सिद्धारमैया

**कन्नड़ की उपेक्षा हो रही; हिंदी-अंग्रेजी से हमारे बच्चों की प्रतिभा घट रही**

**बेंगलूरु.** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र की मोदी सरकार पर कन्नड़ की उपेक्षा करने और हिंदी थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्य के लोगों से कन्नड़ विरोधियों का विरोध करने भी कहा। सिद्धारमैया कर्नाटक के स्थापना दिवस पर हुए 70वें राज्योत्सव में कहा कि केंद्र सरकार कर्नाटक के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हिंदी थोपने की लगातार कोशिशें हो रही हैं। हिंदी और संस्कृत के विकास के लिए अनुदान दिया जाता है, जबकि देश की बाकी भाषाओं की उपेक्षा की जा रही है।

CM सिद्धारमैया बोले- अंग्रेजी



और हिंदी हमारे बच्चों की प्रतिभा को कमजोर कर रही है। मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए कानून होना चाहिए। केंद्र को मातृभाषा में ही शिक्षा को अनिवार्य करना चाहिए।

CM सिद्धारमैया अक्सर कन्नड़ को लेकर केंद्र सरकार को निशाना बनाते रहते हैं। सितंबर में एक इवेंट के दौरान उन्होंने मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ही पूछ लिया था कि क्या आपको कन्नड़ आती है, मैं कन्नड़ में बात करता हूं।'

हालांकि राष्ट्रपति ने सिद्धारमैया को जवाब देते कहा- मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहूंगी कि कन्नड़ भले ही मेरी मातृभाषा नहीं हैं, लेकिन यह कर्नाटक की भाषा है। मुझे भारत की हर भाषा, संस्कृति और परंपरा से प्यार है। मैं उनका सम्मान करती हूं।'

राष्ट्रपति ने आगे कहा, 'सब अपनी भाषा को जीवित रखिए। अपनी संस्कृति और परंपरा को जिंदा रखिए। मैं इसके लिए शुभकामनाएं देती हूं। मैं कन्नड़ भाषा धीरे-धीरे सीखने का कोशिश करूंगी।'

### कर्नाटक में मनाया जा रहा 70वां राज्योत्सव...

कर्नाटक राज्य की स्थापना राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के तहत हुई थी। 1 नवंबर 1956 को कई कन्नड़-भाषी क्षेत्रों को मिलाकर मैसूर राज्य बनाया गया था, जिसे 1973 में कर्नाटक नाम दिया गया। इस दौरान पूरे राज्य में झंडारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होते हैं। राज्य का नारा है जहां भी रहो, जैसे भी रहो, सदा कन्नड़ बने रहो।

# 4 साल बाद फिर जम्मू से चलेगी सरकार

- 6 लाख कर्मचारी श्रीनगर से शिफ्ट होंगे
- 3 नवंबर से काम शुरू करेंगे, 6 महीने रहेंगे

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर में 'दरबार मूव' की 150 साल पुरानी परंपरा 4 साल बंद रहने के बाद इस बार फिर लौटी है। शुक्रवार को सरकारी दफ्तर बंद होने के बाद सामान और कर्मचारियों के श्रीनगर से जम्मू रवाना होने का सिलसिला शुरू हो गया। सरकारी कार्यालय 3 नवंबर से जम्मू में काम शुरू करेंगे और 6 महीने वहीं रहेंगे।

सीएम सचिवालय और सिविल सचिवालय के सभी अन्य विभागों सहित कुल 39 कार्यालय पूरी तरह जम्मू भेजे जाएंगे, 47 विभाग कैंप के रूप में भेजे जाएंगे। जो विभाग कैंप के तौर पर जाएंगे, वे अपने कुल कर्मचारियों के 33% या 10 अधिकारियों (जो भी कम हों) के साथ काम करेंगे। गर्मी शुरू होते ही ये दफ्तर फिर कश्मीर लौट आएंगे। यह परंपरा 2021 में उपराज्यपाल ने रोक दी थी, लेकिन अब सीएम उमर अब्दुल्ला ने इसे फिर शुरू किया है। इसके साथ करीब 6 लाख कश्मीरी जम्मू जाएंगे, जिससे जम्मू की सर्दियों की अर्थव्यवस्था को फिर से मजबूती मिलेगी।

# अब बिहारी कहलाना गर्व की बात : नीतीश

**पटना.** हमने कानून-व्यवस्था सुधारी; खेसारी बोले-जंगलराज अच्छा था, लोग पैसे देकर जिंदा तो रहते थेबिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को विधानसभा चुनावों में एक बार फिर एनडीए को वोट देने की अपील की। नीतीश ने एक वीडियो मैसेज में दावा किया कि उन्होंने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया है। राज्य का विकास हमेशा उनकी प्राथमिकता रही है।

नीतीश ने कहा- नवंबर 2005 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही राज्य में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। अब, बिहारी होना राज्य के लोगों के लिए



गर्व की बात है। मैं अपील करता हूं कि एक बार फिर सेवा का मौका दें।

इधर, छपरा से RJD के उम्मीदवार खेसारी लाल ने कहा है, 'लालू का जंगलराज ही अच्छा था। लोग पैसे देकर जिंदा तो रहते थे। आज तो इंसान ही खत्म हो जा रहा है। कोई नेता गलत नहीं होता है, लोग गलत होते हैं।'

खेसारी ने कहा- बात हत्या-अपहरण की नहीं, रोजगार की है, अगर वह नहीं मिलेगा तो हम मौत में भी रोजी-रोजगार खोज लेंगे। आप इतना रोजगार दे दीजिए, तो शायद मर्डर और किडनैपिंग की जरूरत ही न पड़े।

गौरतलब है कि 243 सदस्यों वाली बिहार विधानसभा के लिए दो चरणों (6 और 11 नवंबर को) में मतदान होगा, जिसके नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

# बांग्लादेश कब वापस लौटना चाहती हैं शेख हसीना?

- पूर्व PM ने बताया अपना प्लान

**नई दिल्ली.** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पिछले साल ढाका में छात्र आंदोलन के दौरान अपने महल से हेलिकॉप्टर के जरिए नाटकीय रूप से भागने के बाद से भारत की राजधानी नई दिल्ली में शरण लेकर रह रही हैं। अगस्त 2024 से शेख हसीना दिल्ली में रह रही हैं और अब तक सार्वजनिक जीवन से लगभग दूर हैं। उनके देश में इस समय नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार काम कर रही है, जिसने फरवरी 2027 में आम चुनाव कराने का वादा किया है। वहीं, हसीना दिल्ली में शांत लेकिन एकाकी जीवन बिता रही हैं।

रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुछ महीने पहले हसीना को दिल्ली के ऐतिहासिक लोधी गार्डन में टहलते देखा गया था। उनके साथ दो सादे कपड़ों में सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। उन्होंने राहगीरों को सिर हिलाकर नमस्कार किया और कुछ लोगों ने उन्हें पहचान भी लिया। सूत्रों के मुताबिक, शेख हसीना लुटियंस दिल्ली के हाई सिक्योरिटी में एक सुरक्षित आवास



में रह रही हैं। यहां कई पूर्व और वर्तमान सांसद तथा वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं। यह आवास भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

5 अगस्त 2024 को जब ढाका में प्रदर्शनकारियों ने उनके आवास पर धावा बोला तो वह बांग्लादेश वायुसेना के विमान से भारत के हिंडन एयरबेस पहुंचीं। वहां उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। दो दिन बाद उन्हें एक गुप्त स्थान पर ले जाया गया। उनकी सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं।

शेख हसीना ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में कहा, "मैं अपने देश लौटना चाहूंगी, लेकिन तभी जब वहां की सरकार वैध हो संविधान का सम्मान किया जा रहा हो और कानून व्यवस्था बहाल हो।" उन्होंने कहा कि निर्वासन के बावजूद उनका उद्देश्य लोकतंत्र की बहाली है। उन्होंने ब्रिटेन के The Independent से कहा, "केवल स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव ही देश को ठीक कर सकते हैं।"

शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने घोषणा की है कि वह अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रीय चुनावों का बहिष्कार करेगी। शेख हसीना ने कहा, "लाखों लोग अवामी लीग का समर्थन करते हैं। उन्हें मतदान से बाहर रखना देश के लोकतंत्र के लिए घातक है। कोई भी राजनीतिक व्यवस्था तब तक काम नहीं कर सकती जब तक सबको समान अधिकार न मिले।"

# केरल में अत्यधिक गरीबी खत्म

- देश का पहला राज्य बना
- CM पिनाराई ने विधानसभा में घोषणा की
- विपक्ष का बायकॉट, कहा- यह फ्रॉड है

**तिरुवनंतपुरम.** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शनिवार को विधानसभा में राज्य ने अत्यधिक गरीबी से मुक्त होने की औपचारिक घोषणा की। लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) सरकार का दावा है कि केरल ऐसा करने वाला भारत का पहला राज्य है।

पिनाराई सरकार ने राज्य से



अत्यधिक गरीबी हटाने के लिए 2021 में अत्यधिक गरीबी उन्मूलन परियोजना (EPAP) शुरू की थी। इसके तहत 64,006 परिवारों की पहचान की गई थी। सरकार का दावा है कि 4 सालों के दौरान इन परिवारों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाल लिया गया है।

केरल CM पिनाराई ने 25 अक्टूबर को X पर कहा था कि राज्य अत्यधिक गरीबी से मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को केरल पिरवी या स्थापना दिवस के अवसर पर विधानसभा के विशेष सत्र में वह इसकी घोषणा करेंगे।

CM ने कहा था कि ₹1,000 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ, राज्य सरकार ने अत्यधिक गरीबी से जूझ रहे परिवारों को हर रोज खाना, स्वास्थ्य सेवाएं, घर, जरूरी दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार, पेंशन और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

### विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया

कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) ने पिनाराई सरकार के दावे को धोखाधड़ी करार दिया है। विपक्ष ने सरकार के विरोध में शनिवार को विशेष सत्र का बहिष्कार किया। जैसे ही विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हुआ, सभी विपक्षी विधायक सदन से बाहर चले गए। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि नियम 300 के तहत मुख्यमंत्री का बयान गलत और सदन के नियमों के खिलाफ है। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि हम केवल वही कहते हैं जो हम लागू कर सकते हैं। हमने जो कहा था, उसे लागू किया है। विपक्षी नेता को यही हमारा जवाब है।

### नेपाल बॉर्डर पर पकड़ी गई उज़्बेकिस्तानी महिला

यूपी के महाराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली इलाके में बिना वैध वीजा के भारत में कथित तौर पर घुसने की कोशिश करने वाली उज्बेकिस्तान की एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। आप्रवासन विभाग के जांच अधिकारी प्रमोद कुमार दुबे ने शनिवार को बताया कि नेपाल से भारत आ रही उम्मीदा जोइरोवा (36) को सोनौली इलाके में आप्रवासन विभाग के अधिकारियों ने एक नियमित जांच के दौरान पकड़ लिया। जांच में पता चला कि उसके पास उज्बेकिस्तान का पासपोर्ट है लेकिन भारतीय वीजा नहीं है। अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि महिला को इस साल 22 फरवरी को मुंबई हवाई अड्डे से 'एग्जिट परमिट' के साथ भारत से निर्वासित कर दिया गया था।

# 'दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ होना चाहिए'

- भाजपा सांसद ने शाह को लेटर लिखा
- शहर का इतिहास पांडवों से जुड़ा

**नई दिल्ली.** दिल्ली के चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ रखने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर भी लिखा।

भाजपा सांसद ने शाह को पुरानी दिल्ली स्टेशन का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ जंक्शन और दिल्ली एयरपोर्ट का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल एयरपोर्ट रखने का भी सुझाव दिया है।

खंडेलवाल ने लेटर में लिखा- भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक



धरोहरों में दिल्ली का स्थान खास है। यह सिर्फ एक महानगर नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की आत्मा, धर्म, नीति और लोककल्याण की परंपरा का केंद्र रही है।

भाजपा सांसद ने बाद में मीडिया से कहा कि दिल्ली का इतिहास सीधे तौर पर पांडवों के काल से जुड़ा है, और इसीलिए हमारी दिल्ली की गौरवशाली संस्कृति, सभ्यता, विरासत और परंपराएं इंद्रप्रस्थ नाम से जुड़ी हैं।

भाजपा सांसद ने दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर पांडवों की मूर्तियां स्थापित करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी को पांडवों की संस्कृति और सभ्यता के बारे में पता चलेगा।

भाजपा सांसद ने शहर के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताते हुए शाह को लिखा- इतिहास साक्षी है कि महाभारत काल में यहीं पांडवों ने यमुना तट पर अपनी राजधानी इंद्रप्रस्थ बसाई भी।

खंडेलवाल ने कहा- मौर्य से गुप्त काल तक इंद्रप्रस्थ व्यापार, संस्कृति और प्रशासन का प्रमुख केंद्र रहा। 11वीं-12वीं सदी के दौरान राजपूत काल में तोमर राजाओं ने इसे डिल्लिका कहा, जिससे दिल्ली नाम विकसित हुआ।

# श्रेयस हॉस्पिटल से डिस्चार्ज



- रिकवरी तक सिडनी में रहेंगे
- फिट होने पर भारत लौटेंगे
- तीसरे वनडे में चोटिल हुए थे

भारतीय उप कप्तान श्रेयस अय्यर हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गए हैं। BCCI ने शनिवार को यह जानकारी दी। वे पिछले एक सप्ताह से सिडनी के एक हॉस्पिटल में एडमिट थे। अय्यर 25 अक्टूबर को सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे में चोटिल हो गए थे।

BCCI ने ट्वीट किया, वे अब स्टेबल हैं और अच्छे से रिकवर कर रहे हैं। BCCI मेडिकल टीम, सिडनी और भारत के स्पेशलिस्ट के साथ उनकी रिकवरी से खुश है, और उन्हें आज हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

BCCI सिडनी में डॉ. कुरुश हघीघी और उनकी टीम के साथ-साथ भारत में डॉ. दिनशॉ परदीवाला का दिल से शुक्रिया अदा करता है कि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि श्रेयस को उनकी चोट के लिए सबसे अच्छा इलाज मिले। श्रेयस अपने फॉलो-अप कंसल्टेशन के लिए सिडनी में ही रहेंगे और जब उन्हें पूरी तरह फिट माना जाएगा, तब वह भारत लौटेंगे।

श्रेयस को सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे (25 अक्टूबर) के दौरान चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान 34वें ओवर में हर्षित राणा की एक गेंद पर एलेक्स कैरी ने हवाई शॉट खेला। श्रेयस ने पॉइंट से थर्डमैन एरिया की ओर दौड़ लगाकर डाइव लगाते हुए कैच पकड़ा। इस दौरान उनका बैलेंस बिगड़ गया और उनकी बाईं पसली में चोट लग गई।

BCCI ने सोमवार (27 अक्टूबर) को बताया था कि स्कैन में पता चला कि उनके स्प्लीन (तिल्ली या प्लीहा) में चोट लगी है। इसी वजह से उन्हें इंटरनल ब्लीडिंग हो रही थी।

# धौली गंगा में बन रही झील, भूवैज्ञानिकों ने जताई चिंता

- चमोली की नीती घाटी में बड़ा खतरा
- निचले इलाकों में तबाही की आशंका

**चमोली.** उत्तराखंड के चमोली जिले की नीती घाटी में धौली गंगा नदी पर नई झील बनने से वैज्ञानिक चिंतित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह झील अगर बढ़ती रही तो निचले इलाकों में भारी तबाही मचा सकती है।

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान



विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम.पी.एस. बिष्ट ने हाल ही में इस झील का खुद सर्वे किया। उन्होंने बताया कि झील की लंबाई इस समय करीब 350 मीटर है और इसका विस्तार लगातार बढ़ रहा है।

वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि झील तो यहां पर पहले भी बनी है लेकिन इतनी बड़ी झील पहली बार बनी हुई है।

प्रो. बिष्ट 1986 से इस क्षेत्र में भूगर्भीय अध्ययन कर रहे हैं। उनके मुताबिक, झील तमंग नाले के पास बन रही है, जहां इस साल अगस्त के महीने में हुई बारिश और एवलांच के कारण धौलीगंगा प्रवाह बाधित गया।

### ग्लेशियरों के पिघलने से बनी वासुधारा झील

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. बिष्ट ने कहा कि धौलीगंगा में बन रही झील ग्लेशियरों के पिघलने का परिणाम है। उन्होंने बताया, "चाहे वह भूस्खलन से बनी झील हो या ग्लेशियर झील, दोनों का निर्माण ग्लेशियरों के पिघलने से होता है। धौलीगंगा क्षेत्र में इस समय एक विशाल झील बनती दिख रही है, जिसका नाम वासुधारा झील है। यह झील उत्तराखंड के धौलीगंगा क्षेत्र के ऊपरी हिस्से में स्थित है।"

- 2019 में सरकार को दी थी चेतावनी

प्रो. बिष्ट ने खुलासा किया कि इस झील के खतरे को लेकर उन्होंने 2019 में ही सरकार को आगाह कर दिया था। उन्होंने इस विषय पर विस्तृत रिपोर्ट भी लिखी थी, जिसमें बताया गया था कि यह झील लगातार फैल रही है और भविष्य में यह एक बड़े खतरे का कारण बन सकती है। उनके अनुसार, इस क्षेत्र की सहायक नदियों से आने वाला मलबा अक्सर प्रवाह को बाधित करता है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर होती जा रही है।

# राजस्थान में 108 साल बाद सबसे ज्यादा बारिश

- देश में कड़ाके की सर्दी में देर
- नवंबर में बारिश के आसार

**नई दिल्ली.** राजस्थान में 108 सालों के बाद 2025 में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। राज्य में जुलाई से सितंबर तक, 715.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले साल 1917 में मानसून सीजन के दौरान सबसे ज्यादा 844.2 बारिश हुई थी।

हिमाचल प्रदेश में भी बारिश ने अक्टूबर महीने में



नए रिकॉर्ड बनाए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, हिमाचल में इस साल अक्टूबर में 2005 के बाद सबसे ज्यादा बारिश, 68.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह सामान्य औसत 25.1 मिमी से 173% ज्यादा है।

IMD के पूर्वानुमान के अनुसार, हिमाचल में 4 नवंबर और 5 नवंबर को बारिश या बर्फबारी की संभावना है। राज्य के ताबो और कुकुमसेरी में तापमान माइनस में चला गया है। शनिवार को कुकुमसेरी का न्यूनतम तापमान माइनस 1.2 डिग्री और ताबो का माइनस 0.8 डिग्री दर्ज हुई।

IMD के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने शुक्रवार को दिल्ली में एक ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस साल देशभर में कड़ाके की सर्दी देर से आ सकती है। नवंबर में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा या सामान्य बारिश हो सकती है। ला नीना प्रभाव में देरी इसकी मुख्य वजह है।

# कैंसर का खतरा! इथेनॉल वाले उत्पादों पर बैन लगाने की तैयारी में यूरोप

**नई दिल्ली.** यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा इथेनॉल-आधारित उत्पादों पर लगाए जाने वाले संभावित प्रतिबंध की खबर ने भारत में चिंता पैदा कर दी है। यह कदम यूरोपीय केमिकल एजेंसी (ECHA) की उस रिपोर्ट के बाद उठाया गया है, जिसमें एथेनॉल में कैंसरकारी जोखिम की संभावना बताई गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रतिबंध न केवल हैंड सैनिटाइजर और साफ-सफाई उत्पादों को प्रभावित करेगा, बल्कि भारत जैसे देशों में इथेनॉल ब्लेंडेड ईंधन की बढ़ती उपयोगिता पर भी सवाल खड़े कर सकता है। हालांकि, भारतीय विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य उपयोग में एथेनॉल से तत्काल कोई खतरा नहीं है। एथेनॉल का रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे आम उपयोग हैंड सैनिटाइजर और अब ईंधन में मिश्रण के रूप में होता है। कोरोना महामारी के बाद से हैंड सैनिटाइजर लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, जिससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इन उत्पादों से कोई स्वास्थ्य जोखिम है।

ईसीएचए के एक आंतरिक कार्य समूह ने 10 अक्टूबर को इथेनॉल को जहरीला पदार्थ घोषित करने की सिफारिश की थी, जिसमें कैंसर का खतरा बढ़ने और गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं का उल्लेख किया गया है।

## संक्षेप...

### बांद्रा पूर्व में नए बॉम्बे हाई कोर्ट परिसर का भूमिपूजन 5 नवंबर को

**मुंबई.** राज्य सरकार 5 नवंबर को बांद्रा पूर्व में नए बॉम्बे उच्च न्यायालय परिसर का भूमिपूजन समारोह आयोजित करेगी, जो फोर्ट स्थित 146 साल पुराने हेरिटेज भवन में लंबे समय से चली आ रही जगह की कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। 5 नवंबर को बांद्रा में नए बॉम्बे उच्च न्यायालय परिसर का भूमि पूजन गुरु नानक जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार शामिल होंगे।

# चुनाव आयोग के खिलाफ दिग्गजों ने खोला मोर्चा

■ **शरद पवार, उद्धव और राज ठाकरे आए साथ**



**मुंबई.** शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ शनिवार को महाराष्ट्र में विरोध मार्च निकाला। मार्च में राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। विपक्ष का आरोप है कि इन गड़बड़ियों से बीजेपी को फायदा हो रहा है।

'सत्याचा मोर्चा' (सत्य के लिए मार्च) नाम से यह मार्च दक्षिण मुंबई के फैशन स्ट्रीट से शुरू होकर लगभग एक किलोमीटर दूर बीएमसी मुख्यालय पर समाप्त हुआ। इस मार्च में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार, मनसे प्रमुख राज ठाकरे और कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट समेत कई नेता शामिल हुए।

विपक्ष ने चुनाव आयोग पर इस मुद्दे को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव तभी कराए जाने चाहिए जब इन कमियों को दूर किया जाए। कांग्रेस नेता नसीम खान, सतेज पाटिल, भाई जगताप और सांसद सुप्रिया सुले ने भी हजारों कार्यकर्ताओं के साथ मार्च में शिरकत की। राज ठाकरे अपने समर्थकों और पार्टी सहयोगी बाला नंदगांवकर के साथ दादर स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर चर्चगेट पहुंचे। इससे पहले इस सप्ताह मुंबई में एक सभा को संबोधित करते हुए ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर मोर्चे के स्थल तक पहुंचने की अपील की थी।

**राज ठाकरे - मेरे पास फर्जी वोटर्स की लिस्ट**

मनसे चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को कहा कि कल्याण, डोंबिवली, भिवंडी और पालघर के साढ़े 4 हजार मतदाताओं ने मालाबार हिल में भी मतदान किया था। इसकी पूरी लिस्ट मेरे पास है। राज महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी के विरोध में मुंबई में हुई महा विकास अघाड़ी (MVA) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा से पहले मुंबई के मेट्रो सिनेमा से लेकर बीएमसी कार्यालय तक रैली निकाली। इसमें NCP-SCP चीफ शरद पवार, कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट भी शामिल हुए।

**सरकार ने पहले नाम-सिंबल चुराए, अब वोट चोरी**

रैली में शिवसेना (UBT) चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोट चोरी की गई। हमारी पार्टी, नाम और चुनाव चिन्ह चोरी हो गए हैं, अब वोट चोरी हो रही है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और सीएम देवेंद्र फडणवीस कहते हैं कि विरोधियों को बेनकाब करेंगे। मैं देवेंद्र फडणवीस को खुली चुनौती देता हूं कि मुझे बेनकाब करें, दिखाएं कि हमें कैसे फायदा हो रहा है।

# अंबरनाथ में कुत्ते को चार पहिया वाहन ने कुचला

■ **सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में एक कुत्ते को कार ने कुचल दिया। यह पूरी घटना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई और इस संबंध में शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में संबंधित चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस क्रूर घटना के बाद, पशु अधिकार संगठन आक्रामक हो गए हैं और उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना अंबरनाथ पूर्व में मीरा पार्क रॉयल सोसाइटी के प्रवेश द्वार के पास हुई। गेट के पास सो रहे एक कुत्ते को एक कार ने कुचल दिया। इस दुर्घटना में कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। चौंकाने वाली बात यह है कि कुत्ते को कुचलने के बाद, कार चालक दिग्विजय बेरुलकर मृत कुत्ते को अपने वाहन में डालकर मौके से फरार हो गया। उसकी सारी हरकतें सीसीटीवी में साफ कैद हो गई हैं।

इस घटना के बाद, पशु प्रेमी मनोज फाल्के तुरंत शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन पहुँचे और चालक दिग्विजय बेरुलकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कर पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के सभी पशु प्रेमियों ने इस घटना पर रोष व्यक्त किया है और पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

# श्री विट्ठल की भव्य प्रतिमा का अनावरण

■ **पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर घाट, उपवन में एक समारोह आयोजित**

■ **परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के की उपस्थिति**



**ठाणे.** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर घाट, उपवन में श्री विट्ठल की भव्य प्रतिमा के अनावरण समारोह में कहा कि सावला विट्ठल की इस भव्य प्रतिमा ने इस क्षेत्र को और भी पवित्र बना दिया है और ठाणे ने पंढरी का रूप धारण कर लिया है।पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर घाट उपवन तालाब परिसर में बनाया गया था। अब यह विट्ठल की सबसे बड़ी प्रतिमा है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने यह भी कहा कि पांडुरंग स्वयं यहाँ आए हैं। इस समारोह में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, पूर्व महापौर एच.एस. पाटिल, निवृत्ति महाराज देशमुख (इंदोरीकर), पूर्व नगरसेविका परिषा सरनाईक, विहंग सरनाईक, पूर्वेश सरनाईक, मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपनगर अभियंता सुधीर गायकवाड़, कार्यकारी अभियंता संजय कदम आदि उपस्थित थे।

मैंने महाराष्ट्र में कई उद्घाटन और शिलान्यास समारोह किए हैं। ढाई साल में जब मैं मुख्यमंत्री था मैंने कई जन-उन्मुख परियोजनाओं को आगे बढ़ाया। मैंने जन-उन्मुख कल्याणकारी योजनाएँ भी कीं। लेकिन आज का समारोह अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों में एक अनूठा समारोह है उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा।

महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है। यह शिवाजी, वीरों और संतों की भूमि है। वारकरी संप्रदाय महाराष्ट्र में एक बहुत बड़ी ताकत है। इसलिए जब मैं मुख्यमंत्री था मैंने वारकरी दिंड्याओं को अनुदान देना शुरू किया। हमारी सरकार इस तरह का अनुदान देने वाली पहली सरकार है। इसने वारकरियों के लिए बीमा कराने का फैसला किया। दिंड्या को टोल-फ्री कर दिया गया ऐसा उपमुख्यमंत्री शिंदे ने भी कहा।गरीबों के इस देवता की मूर्ति स्थापित करने का अनुरोध किया गया था और तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस पर सहमति जताई थी। इसी के चलते आज का समारोह संभव हो पाया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि ऐसी कुल चार भव्य मूर्तियाँ हैं। इनमें से एक राम मंदिर तालाब पर और बाकी दो मीरा भायंदर में होंगी।

**अंबरनाथ नपा चुनाव में शिवसेना के**

# संभावित उम्मीदवार अब्दुल शेख, सुनिल सोनी, बख्तियार चौधरी के नाम की चर्चा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, शिवसेना शिंदे गट के संभावित उम्मीदवारों के नाम भी सामने आते जा रहे हैं. वार्ड क्र. 9 महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड, पनवेलकर गार्डन से सुनिल सोनी का नाम आ रहा है. उनके मुकाबले पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल तैयारी कर रहे हैं. वार्ड क्र. 13 स्वामी नगर, शिवनगर, स्टेशन परिसर से पूर्व नगरसेवक अब्दुल भाई शेख उम्मीदवार होंगे. उन्हें पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर ने समर्थन देने की घोषणा की है. उनके साथ पैनल में डॉ. जुबेर शाह की पत्नी उम्मीदवार हो सकती हैं. अगले हफ्ते आचार संहिता लागू होने के आसार हैं. शनिवार को हाउसिंग बोर्ड में सीमेंट सड़क एवं नाले को मजबूत सीमेंट कंक्रीट बनाने के कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ. अब्दुल शेख के प्रयास से ये विकास कार्य की शुरूआत हुई है. उस समय पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर, सुनिल सोनी, मुक्कू लेनिन, बख्तियार चौधरी, जिनका नाम उम्मीदवारी के लिए कैलाश नगर, सिद्धार्थ नगर वार्ड क्र. 11 से आ रहा है. ये सभी संभावित उम्मीदवार उस समय उपस्थित थे. भारी बारिश के बावजूद हाउसिंग बोर्ड परिसर के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

**डॉक्टर पत्नी पर जानलेवा हमला मामला**

# आरोपी पति पुलिस हिरासत में

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने पारिवारिक विवाद में अपनी डॉक्टर पत्नी के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल करने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत ने आरोपी पति को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अंबरनाथ पूर्व स्थित मोहन सुबरबिया कॉम्प्लेक्स निवासी डॉ. किरण शिंदे को उनके पति ने पारिवारिक विवाद में सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डॉ. किरण शिंदे को घायल अवस्था में बदलापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनका इलाज चल रहा है। इसके बाद, डॉ. शिंदे ने अपने पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार भी कर लिया है। अंबरनाथ पुलिस ने आरोपी विश्वंभर शिंदे को अदालत में पेश किया और अदालत ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सैयद ने दी है। बहरहाल, देखना यह है कि पुलिस की जाँच में इस मामले से जुड़ी और क्या जानकारी सामने आती है।

# मनपा मुख्यालय में महापुरुषों के पुण्यतिथि और जयंती का आयोजन



**ठाणे.** मनपा मुख्यालय में शुक्रवार 31 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 'राष्ट्रीय संकल्प दिवस' और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वर्गीय इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद राष्ट्रीय संकल्प दिवस के अवसर पर शपथ ली गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी, उपायुक्त अनघा कदम, उपायुक्त दीपक जिंजड़ सहित मनपा के कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे।

# कोपरी की ज़िंदगी कीचड़ में फँसी

■ **पुनर्विकास की गति, नागरिकों के लिए एक चिंताजनक सच्चाई**



**ठाणे.** ठाणेवासी जहाँ पहले से ही बारिश से परेशान हैं, वहीं इमारतों की खुदाई से निकली मिट्टी सड़क पर फैल जाने से कोपरी इलाका कीचड़ के दलदल में तब्दील हो गया है। इस कीचड़ के कारण पैदल यात्री, स्कूली छात्र, नौकरानियाँ और दोपहिया वाहन चालक जान हथेली पर लेकर यात्रा कर रहे हैं। सड़क पर यात्रा करना अब एक 'जोखिम भरा सफ़र' बन गया है।

पुनर्विकास परियोजनाओं के काम के लिए हर दिन सुबह से देर रात तक चलने वाली खुदाई और डंपरों के आवागमन के कारण सड़क पर कीचड़ की एक परत जम जाती है। जैसे ही बारिश का पानी उस पर पड़ता है, कीचड़ बन जाता है और यातायात बाधित होता है। दोपहिया वाहनों का फिसलना, कपड़े गंदे होना जैसी घटनाएँ अब रोज़मर्रा की बात हो गई हैं। कुछ जगहों पर, कीचड़ में फिसलकर नागरिकों को मामूली चोटें भी आई हैं।कोपरी इलाके में बड़े पैमाने पर पुनर्विकास कार्य चल रहा है। लेकिन इन कार्यों की उचित निगरानी न होने के कारण सड़कें दलदल जैसी हो गई हैं।

डम्पर चालक निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी को ढकते नहीं हैं, जिससे मिट्टी सड़क पर फैल जाती है और कुछ ही घंटों में सड़क फिसलन भरी हो जाती है। नागरिकों को घरों से बाहर निकलने के लिए पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती।स्थानीय निवासियों का कहना है, मानसून का मौसम कीचड़, धूल और यातायात की अव्यवस्था लेकर आया है। फिर भी, संबंधित प्रशासन निष्क्रिय भूमिका निभा रहा है। मानसून से पहले सड़क मरम्मत और मिट्टी प्रबंधन के निर्देश दिए जाने के बावजूद, नागरिक इस बात से नाराज़ हैं कि उनकी अनदेखी की गई है।स्थानीय निवासियों ने ठाणे नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ₹हर दिन लाखों रुपये कमाने वाला नगर निगम नागरिकों की दुर्दशा पर चुप क्यों है?₹ यह सवाल उठाते हुए, निवासियों ने मिट्टी हटाने और सड़कों की सफाई के लिए तत्काल एक टीम नियुक्त करने की मांग की है। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि कोपरित में पुनर्विकास के नाम पर चल रहे इस कीचड़ मार्च को रोकने के लिए प्रशासन अब जाग जाए।

# वाशिंद पुलिस ने किया एकता दौड़ का आयोजन




**ठाणे.** राष्ट्रीय एकता दिवस और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर वाशिंद पुलिस स्टेशन द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. डी.एस. स्वामी की उपस्थिति में एकता दौड़ का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिस बैंड टीम ने विभिन्न देशभक्ति गीतों की धुन बजाई और फिर पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वामी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इसके बाद, सभी ने एकता की शपथ ली और पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वामी ने ध्वजारोहण किया और एकता दौड़ शुरू हुई। पाँच किलोमीटर की इस दौड़ में छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पुलिस बल द्वारा इसकी पूरी योजना बनाई गई थी।

# अदनान सामी का बढ़ा वजन देख फैंस चौंके

■ **मुंबई एयरपोर्ट पर पत्नी-बेटी संग नजर आए**

■ **कभी 230 किलो वजन घटाकर किया था सबको हैरान**



अदनान सामी हाल ही में अपनी बेटी मेदिना और पत्नी रोया के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। वे ब्लैक टीशर्ट और ब्लू जींस में दिखे, साथ ही उन्होंने काला चश्मा भी पहना था। हालांकि उनके शानदार लुक के बीच फैंस का ध्यान एक बार फिर उनके वजन पर गया। कुछ यूजर्स ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन देते हुए कहा कि अदनान का वजन फिर से बढ़ गया है।

कुछ यूजर्स ने कहा कि ₹वे फिर से मोटे हो गए हैं,₹ तो कुछ ने कमेंट किया कि क्या उन्होंने फिर से डाइटिंग छोड़ दी है। एक यूजर ने कहा, ₹क्या फायदा पतले होने का, जब फिर से मोटा ही होना है।₹ कुछ ने उन्हें ऋषि कपूर से भी तुलना की।

पहले अदनान लगभग 230 किलो के थे, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत से अपना वजन कम किया था, जिससे फैंस चौंक गए थे। एयरपोर्ट पर वह और उनका परिवार पपराजी के कैमरों के सामने पोज देते हुए दिखे। उनकी बेटी मेदिना की क्यूटनेस ने सभी का दिल जीत लिया।

अदनान सामी की बीवी रोया फरयाबी भी इस दौरान बेहद स्टाइलिश लगीं, उन्होंने ब्लैक टीशर्ट, जींस और जैकेट पहने हुए था।

फैंस की प्रतिक्रियाओं में कुछ ने कहा कि अदनान फिर से अच्छे लग रहे हैं और उनकी सेहत बेहतर दिख रही है। इस बार का लुक उनके फैंस को मिला-जुला लग रहा है, लेकिन सब उनकी हिम्मत और मेहनत की सराहना कर रहे हैं।

# एकता का ध्वज, देशभक्ति का संदेश

■ **कोपरी पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरणादायी दौड़**



**ठाणे.** देश के लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कोपरी पुलिस स्टेशन ने शुक्रवार को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत एकता का अद्भुत संदेश देने हेतु राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया। यह दौड़ नागरिकों में देशभक्ति, सामाजिक सद्भाव और एकता की भावना को मज़बूत करने के लिए एकता का एक सच्चा उत्सव थी।जबकि बारिश जारी थी, नागरिक भारत माता के जयकारे लगा रहे थे और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए तख्तियाँ लिए हुए थे और ठाणे की सड़कों पर तिरंगा लहरा रहा था। शुक्रवार सुबह 7 बजे अष्टविनायक चौक से शुरू हुई इस दौड़ को वरिष्ठ नागरिकों ने हरी झंडी दिखाई। बाद में, यह दौड़ मंगला हाई स्कूल, काशी मंदिर, थानेकर वाडी, शंकर मंदिर, दौलत नगर, राधाकृष्ण मंदिर, आनंद दिघे चौक, नारायण कोली चौक होते हुए अष्टविनायक चौक पर समाप्त हुई।वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकर ने बताया कि ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष दुंबरे के मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय एकता दौड़ में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया, जिनमें युवा, महिलाएँ, पुरुष, वरिष्ठ नागरिक, पुलिस मित्र और कोपरी पुलिस स्टेशन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

दौड़ते समय सभी के चेहरों पर देशभक्ति की चमक दिखाई दे रही थी, वहीं उनके कदमों में एकता की ताकत साफ झलक रही थी। कोपरीवासियों ने पुलिस की इस पहल की दिल से सराहना की। इस अवसर पर पुलिस और नागरिकों ने मिलकर एकता की शपथ भी ली।

### धर्मेंद्र ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती

**मुंबई.** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 89 वर्षीय एक्टर की तबीयत को लेकर फैंस चिंतित हो उठे, लेकिन अस्पताल सूत्रों ने राहत भरी खबर दी है। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र को किसी गंभीर बीमारी के चलते नहीं बल्कि रूटीन हेल्थ चेकअप के लिए अस्पताल लाया गया है। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, धर्मेंद्र की सेहत बिल्कुल स्थिर है और उनकी सभी रिपोर्ट्स सामान्य आई हैं।

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्री हितेश प्रकाश रायसिंघानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि श्रीमती नम्रता प्रकाश रायसिंघानी का देहांत 7 जनवरी 2023 को हो गया है. उनके नाम पर मारुति वैगन आर कार नं. एमएच05 एएक्स 3688 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मारुति वैगन आर कार नं. एमएच05 एएक्स 3688 मेरे श्री हितेश प्रकाश रायसिंघानी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-

**श्री हितेश प्रकाश रायसिंघानी**

THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD. ESTD : 1985
نوجیون کو آپریٹو بینک لمیٹیڈ
NAV JEEVAN CO-OP. BANK
*Head Office:*
*Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.*
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com
SERVICES AVAILABLE
**Features and Services of Bank**
- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners
Upcoming Service
Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099